This question paper contains 8+3 printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**2203**

**B.Ed.** **D**

Paper II : EDUCATIONAL PSYCHOLOGY

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

सभी प्रश्न कीजिए ।

1. (*a*) How can the idea of "zone of proximal development" enrich classroom teaching in a class of diverse learners ?

P.T.O.

(*b*) Describe the role of language in learning and cognitive development as suggested by Vygotsky's theory.

(*c*) With the help of an illustrative example, explain how the co-construction of knowledge facilitates the cognitive development of learners. 5,5,5

(क) एक विविधतापूर्ण विद्यार्थियों से युक्त कक्षा में 'निकटतम विकास के क्षेत्र' का विचार किस प्रकार कक्षागत शिक्षण को समृद्ध कर सकता है ?

(ख) वायगोत्स्की के सिद्धांतानुसार, सीखने एवं संज्ञानात्मक विकास में भाषा की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

(ग) उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए, कैसे 'ज्ञान का सह-निर्माण' अधिगमकर्ताओं के संज्ञानात्मक विकास में सहायता प्रदान करता है ?

*Or*

**(अथवा)**

Piaget and Vygotsky are both constructivist theorists, but are quite distinct from each other. Explain how this unfolds in their views about the nature of knowledge, the learner and the learning process. 15

पियाजे एवं वायगोत्स्की दोनों निर्मितीवादी सिद्धांतकार हैं, लेकिन, एक दूसरे से काफी अलग हैं । व्याख्या कीजिए कि ज्ञान की प्रकृति, अधिगमकर्ता एवं अधिगम प्रक्रिया में यह अंतर कैसे दिखाई देते हैं ?

2. The views of Kohlberg and Gilligan on how moral development takes place may be seen as contradictory or complementary. Explain which view you support and why you support it. 15

नैतिक विकास के सन्दर्भ में कोहलबर्ग और गिलिगन के विचारों को विरोधाभासी या पूरक के रूप में देखा जा सकता है । व्याख्या कीजिए कि आप किस विचार का समर्थन करते हैं और क्यों ?

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What are the constituents and developmental challenges related to identity that surface during adolescence, according to Erikson's theory. Locate your answer in the Indian socio-cultural context.

(*b*) At a Parent-Teacher Meeting, what suggestions would you give parents to facilitate the 'identity development' in the adolescent. 10,5

(क) एरिक्सन के सिद्धांत के अनुसार, किशोरावस्था में पहचान से सम्बंधित कौनसे घटक एवं विकासात्मक चुनौतियाँ होती हैं ? भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक सन्दर्भ में अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) अभिभावक-शिक्षक मीटिंग (पी.टी.एम.) के दौरान आप किशोरों में 'पहचान के विकास को' सुगम बनाने हेतु अभिभावकों को क्या सुझाव देंगे ?

3. The behaviourist approach to learning has been criticised for being very mechanistic the limited. Yet, its role in classroom management continues to flourish in schools. With the help of suitable examples, present your views on the above statement. 15

यंत्रवत एवं सीमित होने के कारण अधिगम के व्यवहारवादी उपागम की आलोचना की जाती है । फिर भी, विद्यालयों में कक्षा प्रबंधन को लेकर इसकी भूमिका लगातार जारी है । यथोचित उदाहरण सहित उपर्युक्त कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Discuss the assumptions and salient features underlying the information processing approach to learning.

(*b*) Explain how you can use this approach to make the teaching-learning process more effective in the subject which you teach. 6,9

(क) सीखने के सूचना प्रक्रमण उपागम में अंतर्निहित मान्यताओं एवं मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

(ख) स्पष्ट कीजिए कि आप अपने विषय की शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु इस उपागम का प्रयोग किस प्रकार कर सकते हैं ?

4. Samarth is in class IV. He is a very creative child who is forever trying out different experiments. Yet, when it comes to scholastic reading and writing, he just cannot cope and his teachers and parents seem to think that he pretends and is lazy.

(*a*) What do you think is Samarth's problem ?

(*b*) The school Principal wants to send him to a special school. Do you agree with this approach ? If yes, why ? If not, why not ?

(*c*) How will you, as a sensitized student-teacher, counsel Samarth's teacher and family to deal with his problem ? 3,2,10

समर्थ चौथी कक्षा में पढ़ता है । वह एक सृजनात्मक बालक है जो हमेशा विभिन्न प्रयोग करने की कोशिश करता है । लेकिन, जब शैक्षिक पढ़ने और लिखने की बात आती है तो वह इससे नहीं निपट पाता, और उसके अध्यापक एवं अभिभावक सोचते हैं कि वह बहानेबाज एवं आलसी है ।

(क) आपके अनुसार समर्थ की क्या समस्या है ?

(ख) स्कूल प्रधानाचार्य उसे विशेष स्कूल भेजना चाहते हैं । क्या आप इस दृष्टिकोण से सहमत हैं ? यदि हाँ, तो क्यों ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(ग) एक संवेदनशील छात्र-शिक्षक/शिक्षिका होने के नाते, आप समर्थ के शिक्षकों एवं अभिभावकों को उसकी समस्या से निपटने हेतु क्या सलाह देंगे ?

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Learner diversity is a reality in today's classrooms. Explain specifically how and why this diversity occurs in respect to self-concept and motivation of learners.

(*b*) As a teacher, discuss the strategies that you would use to address the diversity in the areas specified above. 8,7

(क) विविधतायुक्त शिक्षार्थी आज की कक्षाओं की वास्तविकता है । शिक्षार्थियों की अभिप्रेरणा एवं आत्म सम्प्रत्यय के सम्बन्ध में यह विविधता क्यों एवं कैसे स्थान पाती है ? व्याख्या कीजिए ।

(ख) एक शिक्षक के रूप में आप ऊपर निर्दिष्ट क्षेत्रों में विद्यमान विविधता से निटपने हेतु क्या रणनीतियाँ अपनाएँगे ? चर्चा कीजिए ।

5. You have learnt several theories of growth, development and learning in your educational psychology paper. Based on the understanding you have built up. Critically evaluate the CCE approach being followed in schools. 15

शिक्षा मनोविज्ञान के पर्चे में आपने वृद्धि, विकास एवं अधिगम के सन्दर्भ में विभिन्न सिद्धांत पढ़े हैं । इन सिद्धांतों के सन्दर्भ में विकसित अपनी समझ के आधार पर विद्यालयों में मूल्यांकन के लिए अनुसरण किए जाने वाले सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

The marks obtained by 40 students on a test in Biology (M.M. 50) are given in the following table :

| Marks Obtained | No. of Students |
|---|---|
| 45—49 | 3 |
| 40—44 | 4 |
| 35—39 | 5 |
| 30—34 | 6 |
| 25—29 | 8 |
| 20—24 | 5 |
| 15—19 | 4 |
| 10—14 | 3 |
| 05—09 | 2 |

(*a*) Compare the mean and median of the above distribution. What indication does this comparison give about the skewness of the distribution ?

(*b*) The top 10% students are to be awarded scholarship on the basis of their achievement in this test. How would it be decided as to who these 10% students are going to be given their achievement in the above distribution ? 7,8

जीव विज्ञान की परीक्षा (अ.अं. 50) में 40 शिक्षार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे तालिका में दिए गए हैं :

| प्राप्त अंक | शिक्षार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 45—49 | 3 |
| 40—44 | 4 |
| 35—39 | 5 |
| 30—34 | 6 |
| 25—29 | 8 |
| 20—24 | 5 |
| 15—19 | 4 |
| 10—14 | 3 |
| 05—09 | 2 |

(क) ऊपर दिए गए वितरण के मध्य एवं मध्यिका की तुलना कीजिए । यह तुलना वितरण की विषमता के बारे में क्या संकेत देती है ?

(ख) इस परीक्षा की उपलब्धि के आधार पर सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिशत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है । ऊपर दिए गए वितरण के आधार पर आप किस प्रकार तय करेंगे कि यह सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिशत विद्यार्थी कौनसे हैं ?